
# वसंत कुंज में गोमती के किनारे 60 एकड़ में सोलर प्लांट लगाएगा LDA

## 4 मेगावॉट बिजली बनेगी, शासन को भेजा प्रस्ताव

AI Image



**NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

एलडीए वसंत कुंज में गोमती किनारे करीब 60 एकड़ में सोलर पावर प्लांट लगाएगा। इस प्लांट से करीब 4 मेगावॉट बिजली उत्पादन का लक्ष्य है। एलडीए यह बिजली मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को बेचकर अपनी आय बढ़ाएगा। फिलहाल यह प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। एलडीए इस पर मंजूरी मिलते ही नेडा के साथ मिलकर सोलर प्लांट का काम शुरू करवाएगा। माना जा रहा है कि दिवाली तक इसका काम शुरू हो जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, गोमती किनारे बड़े हिस्से में एलडीए की जमीन है, लेकिन बाढ़ के खतरे के कारण यहां कोई योजना विकसित नहीं की जा सकती। ऐसे में एलडीए ने सरकार की हरित ऊर्जा नीति के तहत यहां सोलर प्लांट लगाने का प्रस्ताव बनाया है। बाढ़ से बचाव के लिए प्लांट का स्ट्रक्चर फ्लड लेवल से ऊपर रखा जाएगा। इसके लिए जमीन पर पहले पाइल और टाई बीम लगाए जाएंगे। इनके ऊपर सोलर प्लांट लगाया जाएगा। इस प्लांट के जरिए एलडीए आय बढ़ाने के साथ लोगों को ग्रीन एनर्जी के बारे में भी जागरूक करेगा।